

गोरखा मिलिट्री इण्टर कॉलेज

कैण्ट रोड, देहरादून

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक

एल.बी.गुरुंग प्रबंधक

मैं पलिटिक्स में आऊंगा और फिर तुमसे बात करूंगा

क्रिकेट

मियांदाद की बातों पर बोले मदन लाल, उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लगती

जावेद मियांदाद ने इमरान खान को निशाने पर लिया था

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद की गिनती अपने देश के लिए खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में होती है। लेकिन आजकल वह सोशल मीडिया पर अपनी विवादास्पद बातों के लिए ज्यादा चर्चा में रहते हैं। अपने हालिया वीडियो में उन्होंने देश के प्रधानमंत्री और वर्ल्ड कप विजेता कप्तान इमरान खान को निशाने पर लिया था। उन्होंने कहा था, इमरान जब से पीएम बने हैं खुद को खुदा समझने लगे हैं।

मियांदाद ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था, मैं तुम्हारा कप्तान था, तुम मेरे कप्तान नहीं थे। मैं पॉलिटिक्स में आऊंगा और फिर तुमसे बात करूंगा। मैंने हमेशा तुम्हारा नेतृत्व कया है, लेकिन अब तुम खुदा बन गए हो। तुम समझते हो कि पूरे मुल्क में तुम अकेले समझदार इनसान हो और दूसरा कोई ऑक्सफर्ड या कैम्ब्रिज या पाकिस्तान की ही किसी दूसरी यूनिवर्सिटी में नहीं गया है। लोगों के बारे में सोचो। मियांदाद के इस बयान पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर मदन लाल ने हैरानी जताई है। उन्होंने कहा है कि ऐसा लगता है कि पूर्व पाकिस्तानी कप्तान अब मानसिक रूप से थोड़ा अस्थिर हो गए हैं। एजुकेटेड हैं। इससे पहले उन्होंने कश्मीर और हमारे प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की थी। मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप से थोड़े अस्थिर हैं।

मियांदाद ने वसीम खान को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का सीईओ बनाने पर भी इमरान खान की आलोचना की थी। मियांदाद का कहना था कि वसीम खान इंग्लैंड में ही पैदा हुए और वहीं पले बढ़े हैं।

4 करोड़ 60 लाख रुपये में बिके माइकल जॉर्डन के 35 साल पुराने जूते

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। बास्केटबॉल के महान खिलाड़ी माइकल जॉर्डन के मैच में पहने गए जूते 6 लाख 15 हजार डॉलर यानी 4 करोड़ 60 लाख रुपये के बिके हैं। क्रिस्टी ऑक्शन ने गुरुवार को यह खबर दी है। कुछ महीने पहले ही इस बास्केटबॉल स्टार के जूते रेकॉर्ड कीमत पर बिके थे जिसने इस नीलामी ने तोड़ दिया।

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मुकेश डिमरी
सहायक अभियन्ता
सिंचाई विभाग
यमुना कालोनी, देहरादून।

...also a delightful range of Wardrobes

Kwality Hardware also brings a range of wardrobes in an array of delightful designs and variations. Add to it our omplimentary designing service for your kitchen or wardrobe! There's really no reason to look any further

web : www.kwalityhardwareagencies.com e-mail : kwalityddn@yahoo.com

12, Gandhi Road, Dehradun. Ph: 0135 2659045, 2710272

इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी 26 सितंबर से पहले आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) लंदन। इंडियन प्रीमियर लीग के लिए चुने गए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी इस टूर्नमेंट के पहले सप्ताह में खेलने की संभावना कम है क्योंकि दोनों देशों के बीच चार से 16 सितंबर तक सीमित ओवरों के छह मैच खेले जाने है। ये मुकाबले साउथैम्पटन और मैनचेस्टर में खेले जाने हैं।

ऑस्ट्रेलियाई टीम इस दौरे पर चार, छह और आठ सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ एजिस बाउल में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी जबकि 11, 13 और 16 सितंबर को ओल्ड ट्रैफर्ड में तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज को खेला जाएगा। इस सीरीज में खेलने वाले आईपीएल खिलाड़ी 17 या 18 सितंबर को यूएई पहुंच सकते है और आईपीएल की मानक संचालन प्रक्रिया के तहत उन्हें छह दिन क्वॉरनटीन पर रहना होगा। इस दौरान उन्हें पहले, तीसरे और छठे दिन कोविड–19 का आरटी–पीसीआर जांच करना होगा। तीनों जांच में निगेटिव आने के बाद उन्हें जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण में आने की अनुमति होगी। इसका मतलब यह हुआ कि कोई भी खिलाड़ी अपनी संबंधित फ्रेंचाइजी के लिए कम से कम पहले दो या तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होगा।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के कुल 29 खिलाड़ी आठ आईपीएल टीमों का हिस्सा हैं, जिसमें डेविड वॉर्नर, बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर, स्टीव स्मिथ और इस साल के रेकॉर्ड रकम हासिल करने वाले पैट कमिंस शामिल हैं। इसका सबसे ज्यादा नुकसान राजस्थान रॉयल्स को होगा जिसे बटलर, स्मिथ और आर्चर जैसे खिलाड़ियों के बिना शुरुआत के कुछ मैच खेलने होंगे।

इस सीरीज को दर्शकों के बिना जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में खेला जाएगा।

With Best Compliments on

Independence Day

from The Management, Principal, Staff & Students of

Doon (PG) Paramedical College and Hospital

Govindgarh, Chakrata Road, Dehradun (Uttarakhand)